# अपनी बात

अंक : 561 वर्ष 42

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

राँची, 31 अक्टूबर, 2020

## सीसीएल में 'स्वच्छता माह 2020' मनाया गया



स्वच्छता शपथ दिलाते सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद

सीसीएल मुख्यालय सहित समस्त क्षेत्रों मे 01–31 अक्टूबर तक 'स्वच्छता माह–2020' का आयोजन किया गया। संपूर्ण अक्टूबर माह के दौरान 'स्वच्छता ही सेवा' का लक्ष्य निर्धारित कर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। "स्वच्छ भारत,स्वस्थ भारत" के नारे के साथ दरभंगा हाउस परिसर,राँची स्थित सीसीएल मुख्यालय में 'स्वच्छता ई–प्रतिज्ञा' के साथ संपूर्ण सीसीएल में स्वच्छता–माह का शुभारंभ हुआ। भारत सरकार की मुहिम 'स्वच्छता ही सेवा' को गति प्रदान करते हुए श्री पीएम प्रसाद,अप्रनि,सीसीएल ने सर्वप्रथम 'स्वच्छता ई–शपथ' ग्रहण की। इस सुअवसर पर सामाजिक दूरी का अनुपालन करते हुए सीसीएल के निदेशक (वित्त) श्री एन.के.अग्रवाल, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री एस.के.सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण सहित अन्य सीसीएल कर्मी उपस्थित थे। 'स्वच्छता ई–प्रतिज्ञा मंच' के माध्यम से 100 से भी अधिक कर्मियों ने स्वच्छता की शपथ ग्रहण की ।

इस अवसर विशेष पर अप्रनि, सीसीएल ने माहेश्वरी बालिका उच्च विद्यालय, अशोक नगर, राँची स्थित कम्प्यूटर केंद्र का ऑनलाइन उदघाटन किया। उक्त कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में सीसीएल द्वारा 10 कम्प्यूटर उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही, छात्राओं की आधुनिक शिक्षा–दीक्षा हेतु सीसीएल द्वारा विद्यालय प्रबंधन को 05 स्मार्ट बोर्डस उपलब्ध कराए जाएंगे। माहेश्वरी बालिका उच्च विद्यालय में निर्धन एवं वंचित वर्ग की अनुमानित 250 छात्राएं अध्ययनरत हैं। इससे पूर्व उक्त विद्यालय में मात्र 01 कम्प्यूटर उपलब्ध था। स्कूल प्रबंधन ने कंम्प्यूटर उपलब्ध कराने के लिए सीसीएल प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

स्वच्छता–माह, 2020 के उपलक्ष्य पर 06 अक्टूबर को ऑनलाइन निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में जेएसएसपीएस, सीसीएल के लाल/लाडली सहित समस्त सीसीएल कमान क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्कूली छात्रों/ छात्राओं ने भाग लिया। 08 अक्टूबर को हातमा बस्ती, काँके रोड, राँची में लोगों के मध्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा सीसीएल प्रबंधन द्वारा मास्क एवं सैनिटाईजर का वितरण किया गया। 13 अक्टूबर को सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची परिसर में 50 ऑटो चालकों के मध्य फेस शील्ड, हैंड ग्लव्स, मास्क एवं सैनिटाइजर आदि का वितरण किया गया जिसमे 'पिंक ऑटो' की महिला चालकों के साथ–साथ पुरूष चालक भी शामिल थे।

## कोल इंडिया अध्यक्ष का सीसीएल दौरा

### कोल इंडिया अध्यक्ष द्वारा सीसीएल के कार्य–निष्पादन की समीक्षा

विगत 09 अक्टूबर को कोल इंडिया अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची में सीसीएल के कार्य–निष्पादन की समीक्षा की। उक्त बैठक में श्री पी.एम. प्रसाद, अप्रनि, सीसीएल, श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक (तकनीकी/संचालन), श्री एन.के. अग्रवाल, निदेशक (वित्त), श्री विनय रंजन, निदेशक (कार्मिक), श्री एस.के. सिन्हा, मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री एम.के. सिंह, महाप्रबंधक/कोल इंडिया अध्यक्ष के तकनीकी सचिव, श्री एम.वी.रजिमवाले, अप्रनि के तकनीकी सचिव सहित सीसीएल मुख्यालय स्थित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/ विभागाध्यक्षगण एवं क्षेत्रीय महाप्रबंधकगण भी उपस्थित रहे।

### कोल इंडिया अध्यक्ष ने सात अत्याधुनिक जीवन रक्षक एम्बुलेंस अस्पताल को समर्पित किया

कोल इंडिया लिमिटेड अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने राँची स्थित सीसीएल मुख्यालय से सात अत्याधुनिक जीवन रक्षक एम्बुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर सीसीएल परिवार को समर्पित किया। इस अवसर पर सीसीएल के अप्रनि श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल, सीवीओ, श्री एस.के. सिन्हा, चिकित्सा सेवा प्रमुख, सीसीएल डॉ. मंजू मिश्रा, चिकित्सा सेवा प्रमुख, गांधीनगर डॉ. डी.के.एल. चौहान, चिकित्सा सेवा प्रमुख, रामगढ़ डॉ. वी.के.सिंह, डॉ.अंजना झा, डॉ. रत्नेश जैन, डॉ. सुमन सिंह, डॉ. बासुदेव रजक सहित सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण एवं विभिन्न कार्मिक सामाजिक दूरी का अनुपालन करते हुए उपस्थित रहे।

सीसीएल अपने कमान क्षेत्रों में स्वास्थ्य सम्बन्धी सेवाओं को और बेहतर करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में सीसीएल के अस्पतालों में 07 एंबुलेंसों की व्यवस्था की गई । उक्त एम्बुलेंस डिफिब्रिलेटर, इन्फ्यूजन पंप, ऑक्सीजन सिलेंडर रेगुलेटर, पोर्टेबल सेक्शन पंप, ट्रांस्पोर्ट वेंटिलेटर आदि जैसी विभिन्न अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है जिसके माध्यम से आपातकालीन परिस्थिति में मरीज़ों को उत्कृष्ट एवं त्वरित चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा सकेगी। उक्त एंबुलेंसों का संचालन केन्द्रीय अस्पताल, गाँधीनगर, राँची, केंद्रीय अस्पताल रामगढ़, केन्द्रीय अस्पताल, डकरा, केन्द्रीय अस्पताल, ढोरी, केन्द्रीय अस्पताल, मगध– आम्रपाली, केन्द्रीय अस्पताल, बरका–सयाल एवं केन्द्रीय अस्पताल, हजारीबाग, परेज में किया जायेगा।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

### स्वच्छता को अपनाकर हम राष्ट्रपिता को सच्ची श्रद्धांजली दें : अप्रनि सीसीएल

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, दरभंगा हाउस, राँची सहित सीसीएल के समस्त क्षेत्रों व इकाइयों में विगत 02 अक्टूबर, 2020 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सामाजिक दूरी का अनुपालन करते हुए मुख्य अतिथि श्री पी.एम.प्रसाद, अप्रनि, सीसीएल, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के.श्रीवास्तव, निदेशक (वित्त) श्री एन.के.अग्रवाल, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री एस.के. सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण, अधिकारीगण सहित सीसीएल कर्मियों ने बापू की प्रतिमा पर पुष्प–अर्पण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी।

सीसीएल मुख्यालय में अप्रनि सीसीएल श्री प्रसाद सहित निदेशकगणों एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा पौधारोपण कर 'महात्मा गांधी उद्यान' का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर श्री पी.एम.प्रसाद अप्रनि, सीसीएल द्वारा सीसीएल की सीएसआर योजना अंतर्गत जोन्हा में निर्मित बहुमंजिला आवासीय भवन–महात्मा गांधी कौशल विकास केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस बहुमंजिला कौशल विकास केंद्र में वर्ग–कक्ष, प्रयोगशाला, रसोई, सभा–गृह आदि का निर्माण किया गया हैं जिसमें अनुमानित 100 बच्चों को आवासीय शिक्षण की सुविधा प्राप्त होगी।




जोन्हा में कौशल विकास केंद्र का उद्घाटन करते सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद

## सीसीएल में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' मनाया गया

विगत 31 अक्टूबर, 2020 को दरभंगा हाउस,सीसीएल मुख्यालय, राँची सहित समस्त क्षेत्रों में लौह–पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 145वीं जयंती के शुभ अवसर पर 'राष्ट्रीय एकता दिवस' सोत्साह मनाया गया। इस अवसर पर सीसीएल, मुख्यालय, राँची में अप्रनि, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद ने सभी कर्मियों को 'राष्ट्रीय एकता शपथ' दिलाई। उपस्थित कर्मियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और राष्ट्र की सुरक्षा तथा सत्य–निष्ठा की शपथ ली।

## सीसीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

विगत 27 अक्टूबर, 2020 को सीसीएल मुख्यालय सहित समस्त क्षेत्रों में 'सतर्क भारत,समृद्ध भारत' विषयक सतर्कता जागरूकता सप्ताह प्रारंभ हुआ। सेंट्रल कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री पी.एम.प्रसाद द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक कार्य करने की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर श्री एस.के.सिन्हा, मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री वी.के.श्रीवास्तव, निदेशक (तकनीकी/संचालन), श्री भोला सिंह, निदेशक (तक./यो.–परि.), श्री एन.के.अग्रवाल, निदेशक(वित्त) सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/ विभागाध्यक्ष एवं अन्य अंशधारकगण भी उपस्थित थे। सीसीएल के कर्मियों ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी और कानून के नियमानुसार लोक हित में कार्य करने की प्रतिज्ञा ग्रहण की।

अप्रनि श्री पी.एम.प्रसाद के मार्गदर्शन एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री एस.के.सिन्हा के नेतृत्व में सतर्कता विभाग द्वारा 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2020' का आयोजन सीसीएल मुख्यालय सहित समस्त क्षेत्रों और इकाइयों में 27 अक्टूबर से 02 नवम्बर तक सामाजिक दूरी का पालन करते हुए किया गया । इस क्रम में 28 अक्टूबर को कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने वेबिनार के माध्यम से कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भ्रष्टाचार कोई नया शब्द नहीं है, समय के साथ इसका स्वरूप भी बदल रहा है। व्यवस्थित सुधार एवं पारदर्शिता से भ्रष्टाचार को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रक्रियाओं को सरल बनाते हुये आमजन को जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि सभी को ईमानदारी के सर्वोच्च आदर्श एवं सत्य निष्ठा के प्रति सदैव वचनबद्ध होना चाहिए। सीसीएल कार्मिकों हेतु 28 अक्टूबर को मानव संसाधन विभाग, सीसीएल मुख्यालय के सभागार में "सर्तक भारतः समृद्ध भारत" विषय पर आधारित निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही स्लोगन लेखन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। 29 अक्टूबर को 'लाइव पेन्टींग वर्कशॉप' का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन सीसीएल के अप्रनि श्री पी.एम.प्रसाद ने कैनवास पर चित्र बना कर किया। पेन्टींग वर्कशॉप में झारखंड राज्य के वरिष्ठ कलाकार एवं विभिन्न संस्थानों के लगभग 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## 'सीसीएल के लाल/लाडली' के 07 प्रशिक्षुओं का भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान में चयन

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की महत्वाकांक्षी योजना 'सीसीएल के लाल/लाडली' के अंतर्गत इस वर्ष 07 छात्रों का चयन आईआईटी–संयुक्त प्रवेश–परीक्षा (जेईई–एडवांस) में हुआ है। सि)ांत शेखर ने जेईई एडवांस में 4946 रैंक (ओबीसी–821) के साथ अपने बैच में टॉप किया है। बिट्टू कुमार 18404 रैंक(अ.जा.– 425), बिक्की कुमार नायक (अ.ज.जा.–132 रैंक) आदि ने जेईई–एडवांस परीक्षा में अपना परचम लहराया है। अतिसाधारण परिवार से संबंध रखने वाले इन बच्चों ने आईआईटी प्रवेश–परीक्षा उतीर्ण कर अपने परिवार, शिक्षकों व सीसीएल को गौरवान्वित किया है। साथ ही इन बच्चों ने पूरे प्रदेश का नाम भी ऊंचा किया है। ध्यातव्य हो कि विगत माह सितम्बर में जेईई (मुख्य) परीक्षा में इस बैच के सभी 16 छात्रों ने क्वालीफाई किया था।

## अप्रनि, सीसीएल ने जेएसएसपीएस कैडेट्स चंचला कुमारी एवं तारा मिंज को सम्मानित किया

अप्रनि, सीसीएल, श्री पी.एम. प्रसाद ने जेएसएसपीएस कैडेट्स चंचला कुमारी एवं तारा मिंज से भेंट कर उनके राष्ट्रीय शिविर में चयनित होने पर शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। उन्होंने दोनों कैडेट्स को भेंट स्वरूप स्पोर्ट्स किट, मास्क एवं सैनिटाइजर प्रदान किया। इस अवसर पर खेल अकादमी के सीईओ, श्री बी.चौधरी, मुख्य प्रबंधक (सामग्री प्रबंधन), श्री राजेश जयसवाल, श्री श्रीकान्त पुरूवार एवं अन्य कार्मिक उपस्थित थे।

अप्रनि, श्री पी.एम. प्रसाद ने जेएसएसपीएस कैडेट्स चंचला कुमारी एवं तारा मिंज से दरभंगा हाउस स्थित अपने कार्यालय में बातचीत की और उन्हे प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप इसी प्रकार लगन से मेहनत करते रहें। सीसीएल सहित पूरे झारखंड राज्य को आपसे बहुत उम्मीदें हैं। आप इसी प्रकार राज्य और राष्ट्र का नाम अंतर्राष्ट्रीय मंच पर ऊंचा करते रहें।

## सीसीएल में सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई

वैश्विक महामारी–कोरोना के कारण सीसीएल से सेवा–निवृत्त कार्मिकों हेतु "सम्मान–समारोह कार्यक्रम" स्थगित था। 31 अक्टूबर,2020 को अप्रैल से अक्टूबर माह के दौरान सीसीएल से सेवानिवृत्त कर्मियों को सीसीएल मुख्यालय, राँची स्थित "कन्वेंशन सेन्टर" में 'सम्मान समारोह' आयोजित कर सीसीएल के प्रति उनके कार्यालयीन योगदान के लिए ससम्मान भावभीनी विदाई दी गयी।

सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, सहायक प्रबंधक (सीडी), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)